भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

राज्य सभा

लिखित प्रश्न सं. 455

गुरूवार, 25 जुलाई, 2024/3 श्रावण, 1946 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

तमिलनाडु में पर्यटन को बढ़ावा

455 श्री आर. गिरिराजन:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या तमिलनाडु देश में बड़ी संख्या में घरेलू और अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों को आकर्षित करता है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) तमिलनाडु में विशेष रूप से तटीय क्षेत्रों में बड़े समुद्र तटों और पर्यटक आकर्षणों का उपयोग करने हेतु पर्यटन, यात्रा और आतिथ्य उद्योग को पुनर्जीवित करने के लिए सरकार द्वारा क्या विशेष अग्रसक्रिय उपाय किए गए हैं;

(ग) पिछले पांच वर्षों के दौरान तमिलनाडु में विभिन्न पर्यटन विकास और बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के लिए कुल कितनी धनराशि आवंटित की गई है; और

(घ) क्या सरकार की तमिलनाडु में क्रूज पर्यटन को बढ़ावा देने की योजना है, यदि हां, तो सरकार द्वारा इस संबंध में क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

पर्यटन मंत्री **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क): वर्ष 2018-2023 के दौरान तमिलनाडु में घरेलू पर्यटक यात्राओं (डीटीवी) और विदेशी पर्यटक यात्राओं (एफटीवी) का विवरण (आंकड़े लाख में) निम्नानुसार हैं:

वर्ष	डीटीवी	एफटीवी
2018	3859.09	60.74
2019	4948.65	68.66
2020	1406.51	12.28
2021	1153.37	0.58
2022	2185.85	4.07
2023(अ)	2860.15	11.75

स्रोत: राज्य पर्यटन विभाग

(अ): अनंतिम

(ख) और (ग): पर्यटन मंत्रालय ने वर्ष 2014-15 में अपनी स्वदेश दर्शन नामक योजना शुरू की थी, जिसके तहत देश में पर्यटन अवसंरचना के विकास के लिए राज्यों/ संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों/केंद्रीय एजेंसियों आदि को वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। यह वित्तीय सहायता राज्यों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों आदि के परामर्श से प्रदान की जाती है। उक्त योजना के अंतर्गत, तमिलनाडु में चिह्नित तटीय परिपथ में चेन्नई-मामल्लपुरम-रामेश्वरम-कुलसेकरनपट्टीनम-कन्याकुमारी शामिल हैं। इस परियोजना का ब्यौरा **अनुबंध** में दिया गया है।

तमिलनाडु राज्य सरकार से प्राप्त सूचना के अनुसार, पर्यटन विभाग ने रामनाथपुरम जिले में अरियामन बीच और धनुषकोडी, नागापट्टिनम जिले में पूम्पुहार, चेंगलपट्टू जिले में मुदलियारकुप्पम बीच, कन्याकुमारी जिले में मुट्टम बीच और पुडुकोट्टई जिले में मुत्तुकुडा बीच सहित राज्य में विभिन्न समुद्र तटों के तटवर्ती विकास का कार्य शुरू किया है।

वर्ष 2024-25 के लिए विकास हेतु निम्नलिखित स्थलों की पहचान की गई है।

i. रामनाथपुरम में थोंडी बीच,
ii. कन्याकुमारी जिले में संगुथुराई और सोथाविलाई तटीय क्षेत्र और सन सेट पॉइंट
iii. थूथुकुडी जिले में कायलपट्टिनम तटीय क्षेत्र।

पर्यटन मंत्रालय, ‘‘स्वदेश दर्शन’’, ‘‘तीर्थस्थान जीर्णोद्धार और आध्यात्मिक, विरासत संवर्धन अभियान संबंधी राष्ट्रीय मिशन (प्रशाद)’’ और ‘पर्यटन अवसंरचना विकास हेतु केन्द्रीय एजेंसियों को सहायता’ नामक योजनाओं के अंतर्गत तमिलनाडु सहित देश में विभिन्न पर्यटन गंतव्यों पर पर्यटन संबंधी अवसंरचना और सुविधाओं के विकास के लिए राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों/केन्द्रीय एजेंसियों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है।

तमिलनाडु राज्य में उपर्युक्त योजनाओं के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं और आबंटित निधियों का ब्यौरा **अनुबंध** में दिया गया है।

(घ) पर्यटन मंत्रालय ने क्रूज पर्यटन के लिए राष्ट्रीय कार्यनीति का मसौदा तैयार किया है। कार्यनीति दस्तावेज में निम्नलिखित महत्वपूर्ण स्तंभों की पहचान की गई है :-

(i) अवसंरचना और परिपथ सक्षमता
(ii) बाजार विकास
(iii) क्रूज पर्यटन के लिए व्यवसाय करने में सुगमता
(iv) क्रूज टर्मिनलों के आस-पास एकीकृत पर्यटन
(v) वित्तीय सहायता
(vi) निवेश सुविधा एवं संवर्धन
(vii) क्रूज पर्यटन के लिए कौशल विकास
(viii) संस्थागत संरचना और शासन

****

अनुबंध

श्री आर. गिरिराजन द्वारा तमिलनाडु में पर्यटन को बढ़ावा के संबंध में दिनांक 25.07.2024 को पूछे जाने वाले राज्य सभा के लिखित प्रश्न संख्या **455** के भाग (ख) और (ग) के उत्तर में **विवरण**

तमिलनाडु राज्य के लिए स्वदेश दर्शन योजना

(करोड़ रुपए में)

परिपथ/स्वीकृति वर्ष	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृत राशि**	**जारी की गई राशि**
तटीय परिपथ 2016-17	(चेन्नई- माममल्लपुरम – रामेश्वरम – मानपाडु – कन्याकुमारी) का विकास	73.13	71.03

तमिलनाडु में प्रशाद योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची

(करोड़ रुपए में)

क्र.सं.	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृति वर्ष**	**स्वीकृत लागत**	**जारी की गई राशि**	**भौतिक प्रगति%**
1	कांचीपुरम का विकास	2016-17	13.99	13.99	100%
2	वेलंकन्नी का विकास	2016-17	4.86	4.86	100%

तमिलनाडु में पर्यटन अवसंरचना विकास के लिए केन्द्रीय एजेंसियों को सहायता योजना

(लाख रुपए में)

वर्ष	**परियोजना का नाम**	**एजेंसी**	**स्वीकृत राशि**	**जारी की गई राशि**	**स्थिति**
2012-13	चेन्नई बंदरगाह पर मौजूदा यात्री टर्मिनल में क्रूज यात्री सुविधा केंद्र	चेन्नई पोर्ट ट्रस्ट	1724.66	1724.66	पूर्ण

तमिलनाडु में आतिथ्य सहित घरेलू संवर्धन एवं प्रचार (डीपीपीएच) योजना के तहत मेलों और महोत्सवों की सूची

(लाख रुपए में)

वर्ष	**मेलों और महोत्सवों के नाम**	**स्वीकृत राशि**	**जारी की गई राशि**
2015-16	मामल्लापुरम, तमिलनाडु में भारतीय नृत्य महोत्सव	8.00	8.00
2016-17	मामल्लपुरम में भारतीय नृत्य महोत्सव	25.00	25.00
2017-18	मामल्लपुरम में भारतीय नृत्य महोत्सव	25.00	25.00
2018-19	मामल्लपुरम में भारतीय नृत्य महोत्सव	25.00	25.00
2019-20	भारतीय नृत्य महोत्सव	25.00	25.00
	कुमारी महोत्सव	10.00	10.00
	पर्यटन सांस्कृतिक महोत्सव	15.00	15.00
2021-22	मामल्लपुरम में भारतीय नृत्य महोत्सव	25.00	25.00
2022-23	मामल्लपुरम में भारतीय नृत्य महोत्सव	25.00	25.00

****